# जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा
# District Health Society, Nalanda

भैंसासुर (भैंसासुर चौराहा से पश्चिम), बिहारशरीफ – 803101
Bhaisasur (West of Bhaisasur Chauraha), Biharsharif – 803101


NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक 1233 dt 28/05/2021

## आपातकालीन परिस्थिति में विभिन्न पदों पर Hire करने संबंधी सूचना

प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 329(11) दिनांक 27.04.2021 के आलोक में कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम/बचाव के लिए निम्नलिखित पदों पर चयन Hire Basis पर पूर्णतः अस्थायी रूप से आगामी तीन (03) माह के लिए किया जाना है। इसके लिए भिन्न–भिन्न तिथियों को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सदर अस्पताल, बिहारशरीफ के कैम्पस में सिविल सर्जन कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार कक्ष में निम्नांकित विवरणी अनुसार विभिन्न पदों पर चयन हेतु वाक्–इन–इन्टरव्यू आयोजित किया जा रहा है–

| क्र0 | पदनाम | पदों की संख्या | योग्यता/अहर्त्ता | प्रतिमाह/प्रतिदिन भुगतान की राशि | वाक्–इन–इन्टरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विशेषज्ञ चिकित्सक (पी.जी.) | 03 | एम0बी0बी0एस0 डिग्री के साथ स्नातकोत्तर शिक्षा (औषधि/ मुर्च्छक) में डिग्री, 12 माह का अनिवार्य इन्टर्नशीप प्रशिक्षण एवं बिहार राज्य चिकित्सा परिषद् से स्थायी निबंधन। | रू0 7000/– प्रतिदिन/प्रतिशिफ्ट | 31.05.2021 |
| 2 | विशेषज्ञ चिकित्सक (डिप्लोमा) | 02 | एम0बी0बी0एस0 डिग्री के साथ स्नातकोत्तर शिक्षा (औषधि/ मुर्च्छक) में डिप्लोमा, 12 माह का अनिवार्य इन्टर्नशीप प्रशिक्षण एवं बिहार राज्य चिकित्सा परिषद् से स्थायी निबंधन। | रू0 5000/– प्रतिदिन/प्रतिशिफ्ट | |
| 3 | सामान्य चिकित्सक (एम.बी.बी.एस.) | 20 | एम0बी0बी0एस0 डिग्री, 12 माह का इन्टर्नशीप प्रशिक्षण एवं बिहार राज्य चिकित्सा परिषद से स्थायी निबंधन। | रू0 4000/– प्रतिदिन/प्रतिशिफ्ट | |
| 4 | आयुष चिकित्सक | आयुर्वेद–15<br>होमियोपैथ–09<br>यूनानी–06<br>कुल– 30 | बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./बी.यू.एम.एस. डिग्री में उत्तीर्ण एवं राज्य आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा बोर्ड/राज्य होमियोपैथिक चिकित्सा बोर्ड से स्थायी निबंधन। | रू0 44000/– प्रतिमाह | 01.06.2021 |
| 5 | फार्मासिस्ट | 20 | बी0फार्मा में उत्तीर्ण एवं बिहार स्टेट फार्मेसी काउन्सिल से स्थायी निबंधन। | रू0 12000/– प्रतिमाह | |
| 6 | नर्स (बी.एस.सी. नर्सिंग) | 04 | बी.एस.सी. नर्सिंग उत्तीर्ण एवं बिहार परिचारिका निबंधन परिषद से निबंधन। | रू0 2000/– प्रतिदिन/प्रतिशिफ्ट | 02.06.2021 |
| 7 | प्रयोगशाला प्रावैधिकी | 30 | केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से इन्टरमिडिएट (जीव विज्ञान) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं प्रयोगशाला प्रावैधिक के डिप्लोमा कोर्स में उत्तीर्णता। | रू0 12000/– प्रतिमाह | |
| 8 | आई.सी.यू. तकनीशियन | 04 | बी.एस.सी. क्रिटीकल केयर टेक्नोलॉजी कोर्स उत्तीर्ण। | रू0 20000/– प्रतिमाह | |

फोननं0एवंफैक्सनं0 :– 06112–239001
वेवसाईट–http://dhsnalanda.bih.nic.inई–मेल :–dhsnalanda@rediffmail.com, datacentrenalanda@gmail.com

अनुलग्नक:-07 162


# जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा
# District Health Society, Nalanda

भैंसासुर (भैंसासुर चौराहा से पश्चिम), बिहारशरीफ – 803101
Bhaisasur (West of Bhaisasur Chauraha), Biharsharif – 803101


NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक ...............................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | वार्ड अटेन्डेन्ट/ ऑडरली | 20 | किसी भी संकाय से इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण (संबंधित कार्यानुभव वाले को वरीयता)। | रू0 15000/– प्रतिमाह | 03.06.2021 |
| 10 | मल्टी परपस हेल्पर | 10 | मैट्रीक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण (संबंधित कार्यानुभव वाले को वरीयता)। | रू0 11500/– प्रतिमाह | |
| 11 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 25 | किसी भी संकाय से इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा स्नात्तक उत्तीर्ण एवं एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा। | रू0 14430/–प्रति माह कम्प्यूटर सेट सहित | 04.06.2021 |
| 12 | नर्स (जी.एन.एम.) | 40 | डिप्लोमा इन जेनरल नर्सिंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण प्राप्त एवं बिहार परिचारिका निबंधन परिषद से निबंधन। | रू0 1500/– प्रतिदिन/ प्रतिशिफ्ट | 05.06.2021 |
| 13 | नर्स (ए.एन.एम.) | 80 | दो वर्षीय पूर्णकालीक ए0एन0एम0 का प्रशिक्षण प्राप्त एवं बिहार परिचारिका निबंधन परिषद से निबंधन। | रू0 1000/– प्रतिदिन/ प्रतिशिफ्ट | 07.06.2021 (जिसका नाम A से लेकर M प्रारंभ होता है) एवं 08.06.2021 (जिसका नाम N से लेकर Z प्रारंभ होता है) |

अन्य सामान्य शर्तें:–

1. वाक्–इन–इन्टरव्यू में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थी को वाक्–इन–इन्टरव्यू में फोटोयुक्त बायोडाटा के साथ वांछित सभी प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी वांछित प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति वाक्–इन–इन्टरव्यू के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
3. उम्र सीमा का निर्धारण का आधार दिनांक 01/05/2021 होगा तथा आयु सीमा 18 से 55 वर्ष के बीच होगी।
4. वर्णित भुगतान योग्य राशि में संशोधन विभागीय निदेशानुसार भविष्य में किया जा सकेगा।
5. जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा को उक्त विज्ञापित सभी पद अथवा किसी एक पद को बिना किसी सूचना के समाप्त या परिवर्त्तित करने का अधिकार सुरक्षित होगा एवं चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा तथा इससे संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
6. चयन के पश्चात् चयनित अभ्यर्थी को इस आशय का इन्डेमनीटी बॉण्ड समर्पित करना अनिवार्य होगा कि वे भविष्य में संविदा/नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करेंगें एवं उन्हें किसी भी प्रकार के फौजदारी मुकदमा में माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।
7. यह चयन कोविड–19 संक्रमण के रोक–थाम/उससे बचाव के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर किया जा रहा है। अभ्यर्थियों द्वारा किसी प्रकार का अवधि विस्तार/नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा। चयन प्रक्रिया में आदर्श आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।
8. यह सूचना नालन्दा जिला के वेबसाईट https://nalanda.nic.in/ के साथ–साथ कार्यालय (सिविल सर्जन, नालन्दा, जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा एवं समाहरणालय, नालन्दा) के सूचना–पट्ट पर भी उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 22/05/21 | 22/05/21 | 22/5/21 |
| अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, नालन्दा। | वरीय उप समाहर्त्ता, प्रभारी आपदा, नालन्दा। | असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,नालन्दा। |


फोननं0एवंफैक्सनं0 :– 06112–239001

वेवसाईट–http://dhsnalanda.bih.nic.inई–मेल :–dhsnalanda@rediffmail.com, datacentrenalanda@gmail.com